अतिरिक्त



पौलुस के समय में रोमी साम्राज्य

प्रेरित पौलुस

''पौलुस की ओर से जो यीशु मसीह का दास है, और प्रेरित होने के लिए बुलाया गया, और परमेश्वर के उस सुसमाचार के लिए अलग किया गया है'' (रोमियों 1:1)।

''पौलुस की ओर से, जो परमेश्वर की इच्छा से मसीह यीशु का प्रेरित है, और भाई तीमुथियुस की ओर से'' (कुलुस्सियों 1:1)।

पौलुस की पृष्ठभूमि में यूनानी संस्कृति, यूनानी नागरिकता (प्रेरितों 16:37; 22:25), और यहूदी धर्म शामिल थे (गलातियों 1:14)। वह बिनियामीन के गोत्र का एक इब्रानी (फिलिप्पियों 3:5), फरीसी-फरीसियों के वंश का फरीसी (प्रेरितों 23:6) था। उसे रोमी नागरिकता जन्म के द्वारा मिली थी और उसके पास इसके सारे अधिकार थे। वह किलिकिया के रोमी इलाके के प्रमुख नगर तरसुस का रहने वाला था (प्रेरितों 21:39; 22:3), जो भूमध्य सागर के उत्तर पूर्वी कोने में एक जिला था। तरसुस में एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय था जिस कारण केवल शिक्षा और संस्कृति के नगरों के रूप में केवल अथेने और सिकन्द्रिया को ही उत्तम माना जाता था। कारोबार के केन्द्र के रूप में जाना जाता था। बकरी की खाल के वस्त्र बनाने के लिए प्रसिद्ध था। शायद यहीं पर पौलुस ने तम्बू बनाने का व्यवसाय सीखा था (प्रेरितों 18:3)।

यहूदी व्यवस्था के विद्वान और सात महान यहूदी रब्बियों में से एक प्रसिद्ध गुरु गमलिय्येल पौलुस का धार्मिक गुरु था (प्रेरितों 22:3)। होनहार जवाब फरीसी और कलीयिसा के सताव में अग्रणी होने के रूप में (प्रेरितों 8:3) पौलुस पहले मसीही शहीद स्थिफनुस के पत्थाव के समय वहां था और इसने उसकी अनुमति दी थी (प्रेरितों 7:58; 8:1, 2)। उसके जोश का कलीसिया के उसके अत्यधिक विरोध में पता चलता है जो उसने किसी भी अंधे यहूदी अगुवे से बढ़कर दिखाया था।

पौलुस इतना समर्पित था कि वह मसीही लोगों को सताने के लिए विदेशी नगरों में चला गया (प्रेरितों 9:1, 2; 22:5; 26:11)। उसका विवेक उसे दोषी नहीं ठहराता था (प्रेरितों 23:1; 24:16; रोमियों 9:1; 2 कुरिन्थियों 1:12; 2 तीमुथियुस 1:3), क्योंकि वह वही कर रहा था जो उसे लगता था कि सही है (प्रेरितों 26:9)। शायद वह मसीही लोगों को जो यीशु की आराधना करते थे इसलिए मार डालना चाहता था क्योंकि व्यवस्था में इस्राएलियों से उन्हें जो उनके बीच किसी दूसरे देवते की उपासना करे पथराव करने को कहा गया था (व्यवस्थाविवरण 17:1-5)। यीशु के उस पर प्रकट होने से पहले वह नहीं मानता था कि यीशु में ईश्वरीयता है या वह आराधना के योग्य है।

कुछ लोगों का मानना है कि पौलुस सत्तर लोगों की सम्माननीय यहूदी सभा सनहेड्रिन का सदस्य था। इस निष्कर्ष का कारण मसीही लोगों के सताव के सम्बन्ध में पौलुस का कथन है: ''मैं भी उनके विरोध में अपनी सम्मति देता था'' (प्रेरितों 26:10)। ऐसे कथन से इस तर्क को मान्यता

मिलती लगती है कि कि वह सभा के सदस्य के रूप में वोट डालता था, परन्तु यह पक्का नहीं है।

सभा के लोग समृद्ध और सम्मानित बुज़ुर्ग होते थे, जिन्हें यरूशलेम अगुओं के रूप में माना जाता था। प्रेरितों 7:58 में पौलुस को ''जवान'' (*neanias*) कहा गया है, यह वह शब्द है जिसका इस्तेमाल युतखुस (प्रेरितों 20:9) और पौलुस के भांजे (प्रेरितों 23:17, 18, 22) के लिए किया गया है। यहूदियों के बीच एक गैर-मसीही के रूप में अपनी स्थिति बताते हुए उसने कभी सनहेड्रिन का सदस्य होने की बात नहीं की (प्रेरितों 22:3-5; 26:4, 5; गलातियों 1:13, 14; फिलिप्पियों 3:4-6)। जितनी भी जानकारी वह अपने बारे में दे पायावह उसके यहूदी धर्म और यहूदी समाज ने उसके अपने स्टैंड के प्रति उसके पिछले समर्पण के सम्बन्ध में सबसे प्रभावशाली होगी।

यीशु किस प्रकार के क्रूस पर मरा था?

क्रूस के भौतिक अकार के बदले यीशु की मृत्यु का महत्व अधिक है। परन्तु यहोवा विटनस वालों को लगता है कि क्रूस के आकार की समझ होना आवश्यक है। उनकी शिक्षा है कि यह क्रूस के टुकड़े के बिना सीधे आकार वाला खूंटा था। उनके साहित्य में निम्न बातें पाई जाती हैं:

> प्रमाण का वचन यह संकेत देता है कि यीशु एक सीधे खूंटे पर मरा था न कि परम्परागत क्रूस के ऊपर।[1]

> **यन्त्रणा का खूंटा,** एक औज़ार ऐसा जिसके ऊपर सूल पर चढ़ाकर यीशु को मारा गया था। ... उच्च कोटी के यूनानी साहित्य के शब्द (*stauros*) का न्यू वर्ड ट्रांसलेशन का अनुवाद ''यन्त्रणा का खूंटा'' मुख्य रूप में एक सीधे खूंटे या खम्बे का संकेत देता है, और ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि लिखित मसीही यूनानी धर्मशास्त्र में खूंटे को क्रूस के साथ मिलाया गया हो।[2]

क्रूस के सम्भावित रूपों में एक सबसे अधिक परम्परागत रूप में इस्तेमाल किया जाने वाला है जो कि लातीनी *crux immissa* अर्थात एक लम्बा, सीधा शहतीर है जो ऊपरी क्रूस के दण्डे के ऊपर लगा होता है: †. द *crux commissa* यूनानी शब्द टाउ *tau* ''T'' के जैसा सिरे पर क्रूस के साथ खूंटा है। *crux descussata* या सेंट एंड्रयू क्रॉस X अक्षर के जैसा है। यूनानी क्रूस एक ही लम्बाई वाले सीधे और तिरछे शहतीर, बीच में कांटने वाला + होता है।

सबसे बढ़िया प्रमाण कि यीशु परम्परागत स्वीकार किए जाने वाले स्थान पर मरा था। लूका की सबसे पूरी हस्तलिपि, ''क्रूस'' (*stauron*) यूनानी अक्षरों ''t'' (*tau*) और ''r''(*rho*) के साथ परम्परागत क्रूस 𐤕 (traditional cross) पर मनुष्य जैसे लगने वाले के साथ जोड़ा गया है। क्रूस के लिए इस असामान्य रूपव को टैक्स के अनुवाद में दोहराया और नकल किया गया। निम्न व्याख्या दी गई है:

> यह लूका की हमारी सबसे पुरानी हस्तलिपि 75 में ''क्रूस'' के लिए शब्द है। लूका 9:23; 14:27; 24:7 में यह विशेष रूप में मिलता है।
> यदि आप इस यूनानी शब्द को बोले तो यह *stauron* है। परन्तु au अक्षर मिट गए हैं और उनका मिटने का संकेत शब्द के ऊपर की रेखा से मिलता है। फिर r है जो यूनानी भाषा का p का रूप है। t के ऊपर लगाया गया है ताकि हमें क्रूस के ऊपर एक देह का सुझाव देते हुए सिर है।[3]

पश्चिमी जगत में पारम्परिक रूप में उसको स्वीकार किए जाने का आधार अच्छा प्रमाण है। ऐसा सोचने का कोई कारण नहीं है कि यह टूटा हो।

टिप्पणियां

[1]वाच टावर बाइबल एंड ट्रैक्ट सोसायटी ऑफ़ पेनसिल्वेनिया, *रीज़निंग फ्रॉम द स्क्रिप्चर्स* (ब्रूकलिन, न्यू यॉर्क: वाच टावर बाइबल एंड ट्रैक्ट सोसायटी ऑफ न्यू यॉर्क, 1985), 90. [2]वाच टावर बाइबल एंड ट्रैक्ट सोसायटी ऑफ़ पेनसिल्वेनिया, *रीज़निंग फ्रॉम द स्क्रिप्चर्स* (ब्रूकलिन, न्यू यॉर्क: वाच टावर बाइबल एंड ट्रैक्ट सोसायटी ऑफ न्यू यॉर्क, 1971), 1608. [3]विलियम एफ. बेक, *द न्यू टैस्टामैंट इन द लैंग्वेज ऑफ़ टुडे* (सेंट लुईस: कन्कोर्डिया पब्लिशिंग हाउस, 1964), V.